जनपद ललितपुर तथा जनपद मिर्जापुर की पुलिस लाइन में मार्ग प्रकाश की कोई व्यवस्था नही है जिसके कारण रात्रि-कालीन ड्यूटी में पुलिस जनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतएव इसके निराकरण के लिए पुलिस लाइन ललितपुर में 1,20,772 रु0 तथा पुलिस लाइन मिर्जापुर में 2,10,620 रु0 की अनुमानित लागत पर मार्ग प्रकाश की व्यवस्था कराये जाने का निश्चय किया गया है। इस प्रकार उक्त कार्यो हेतु आय-व्ययक वर्ष 1987-88 में कुल 3,31,392 रु0 का व्यय अनुमानित है, जिसकी व्यवस्था उक्त वर्ष 1987-88 के आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक मे व्यवस्थित धनराशियों का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4059--सरकारी निर्माण-कार्यों पर पूंजी परिव्यय--अयोजनेतर--

01--कार्यालयों की इमारतें--

101--निर्माण--सामान्य--पूल आवास--

08--निर्माण--पुलिस--

	(हजार रुपयों में)
1--पुलिस लाइन ललितपुर में मार्ग प्रकाश की व्यवस्था	1,21
2--पुलिस लाइन, मिर्जापुर में मार्ग प्रकाश की व्यवस्था	2,11
योग ..	3,32

पुलिस विभाग के भवनों का पुनर्विद्युतीकरण, विद्युत आपूर्ति तथा मार्ग प्रकाश की व्यवस्था

पुलिस लाइन, एटा के भवनों की वायरिंग काफी पुरानी होने के कारण जीर्ण-शीर्ण हो गई है। परिणामस्वरूप किसी भी समय अग्निकाण्ड आदि की दुर्घटना हो सकती है। इसके अलावा उक्त पुलिस लाइन में मार्ग प्रकाश की भी कोई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण रात्रिकालीन ड्यूटी में पुलिस कर्मियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतएव इसके निराकरण के लिए 49,600 रु0 के अनुमानित लागत पर प्रश्नगत भवनों का पुनर्विद्युतीकरण तथा पुलिस लाइन परिसर में मार्ग प्रकाश की व्यवस्था कराये जाने का प्रस्ताव है।

2--अभिसूचना विभाग, लखनऊ के कार्यालय भवन की वायरिंग बहुत पुरानी होने के कारण जीर्ण-शीर्ण हो गई है। परिणाम स्वरूप किसी भी समय अग्निकाण्ड आदि की दुर्घटना हो सकती है। अतएव इसके निराकरण के लिए 79,900 रु0 की अनुमानित लागत पर उक्त भवन का पुनर्विद्युतीकरण कराये जाने का प्रस्ताव है।

3--आठवीं वाहिनी पी0 ए0 सी0, बरेली में भी विद्युत आपूर्ति संतोषजनक नहीं है। परिणाम स्वरूप बीच-बीच में ब्रेक-डाउन होने के कारण पी0ए0सी0 अधिकारियों/कर्मियों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अतएव इसके निराकरण हेतु 41,850 रु0 की अनुमानित लागत पर 400 के0वी0ए0, ओ0सी0बी0 की व्यवस्था कराये जाने का प्रस्ताव है।

4--पुलिस कार्यालय, मुरादाबाद के भवन की वायरिंग भी बहुत पुरानी हो जाने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके कारण किसी भी समय अग्निकाण्ड आदि की दुर्घटना घटित हो सकती है। अतएव इसके निराकरण के लिए 39,200 रु0 की अनुमानित लागत पर उक्त भवन का पुनर्विद्युतीकरण कराये जाने का प्रस्ताव है।

इस प्रकार उक्त कार्यो पर कुल 2,10,550 रु0 की आवश्यकता वित्तीय वर्ष 1987--88 में होगी। तदनुसार वर्ष 1987-88 के आय-व्ययक में 2,11,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशियों का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2059--लोक निर्माण--आयोजनेतर—

80--सामान्य--

051--निर्माण--

04—निर्माण--पुलिस--

(हजार रुपयों में)

1--पुलिस लाइन ; एटा के भवनों का पुनर्विद्युतीकरण तथा परिसर में मार्ग प्रकाश की व्यवस्था	50
2--अभिसूचना विभाग, लखनऊ के कार्यालय भवन का पुनर्विद्युतीकरण ..	80
3--आठवी वाहिनी पी0एस0सी0, बरेली में विद्युत आपूर्ति हेतु 409 के0वी0 ए0 ओ0सी0 वी0 की व्यवस्था	42
4--पुलिस कार्यालय, मुरादाबाद में भवन का पुनर्विद्युतीकरण	39
योग ..	2,11

पुलिस उप महानिरीक्षक विशेष अपराध, उत्तर प्रदेश के लिये वाहन की व्यवस्था

प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस की गतिशीलता बनाये रखना आवश्यक है। इसी परिप्रेक्ष्य में वर्तमान वित्तीय वर्ष में पुलिस उप महानिरीक्षक विशेष अपराध उ0प्र0 को एक अम्बेसडर कार एवं उसके परिचालनार्थ कानिस्टबिल ड्राइवर का एक पद स्वीकृत करने का प्रस्ताव है। इस प्रयोजन हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 1987-88 में 1,00,000 रु0 अनावर्तक एवं 20,000 रु0 आवर्तक अर्थात कुल 1,20,000 रु0 की आवश्यकता है; जिसकी व्यवस्था वर्ष 1987-88 के आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2—व्यय का विभाजन—

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

पद	वेतनमान	पद संख्या
कानिस्टबिल ड्राइवर	रु0 .. 364-550	1

(ख) सज्जा भण्डार गाड़ियों आदि के स्थूल व्योरे—

मद	संख्या	धनराशि
		रु0
अम्बेसडर कार	1	1,00,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2055--पुलिस--आयोजनेतर-	
108-जिला पुलिस-	
01--जिला पुलिस (मुख्य)—	
01--वेतन	3
01--महंगाई भत्ता	2
05--अन्य भत्ते	3
08--मोटर गाड़ियों का क्रय	1,00
09--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल की खरीद	12
योग ..	1,20

भारत नेपाल सीमा पर नये थानों की स्थापना

भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा अपराधों की रोकथाम बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद गोरखपुर, बस्ती, गोण्डा, बहराइच, खीरी तथा पीलीभीत में 12 नये थाने प्रथम चरण में स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव है। जिसपर 65,00,000 रुपये आवर्तक तथा 54,00,000 रुपये अनावर्तक अर्थात कुल 1,19,00,000 रुपये की आवश्यकता है। तदनुसार वर्ष 1987–88 के आय व्ययक में 1,19 00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2––व्यय का विभाजन––

क––अपेक्षित कर्मचारिवर्ग––

पद	वेतन-मान	पदों की संख्या
	रु0	
1––इन्सपेक्टर (नागरिक पुलिस)	690–1420	12
2––सब इन्सपेक्टर (नागरिक पुलिस)	515–860	72
3––हेड कानिस्टबिल (नागरिक पुलिस)	400–615	48
4––कानिस्टबिल (नागरिक पुलिस)	364–550	540
5––हेड आपरेटर	470–735	1
6––सहायक आपरेटर	400–615	3
7––कानिस्टबिल ड्राइवर	364–550	7
8––रसोइयां (कुक)	325–नियत वेतन	1
9––कहार	225 नियत वेतन	1

ख–साज सज्जा के स्थूल ब्योरे––

क्रमांक	मदें	संख्या	दर	धनराशि
			रु0	रु0
1	डीजल जीप	12	10,60,00	12,72,000
2	मोटर साइकिल	12	18,000	2,16,000
3	वायरलेस, सेट, टेलीफोन सेट तथा अन्य हथियार, उपकरण, साज-सज्जा आदि		––	39,12,000
			योग	54,00,000

8––आय–व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन––

2055––पुलिस आयोजनेतर––

108–जिला पुलिस––

(हजार रुपयों में)

01–जिला पुलिस (मुख्य)––

01––वेतन	31,00
02––मंहगाई भत्ता	28,00
04––यात्रा व्यय	12
05––अन्य भत्ते	2,60
06––कार्यालय व्यय	12
07––टेलीफोन पर व्यय	1,08
20––मशीन और साज–सज्जा उपकरण और संयंत्र	38,04
21––मोटर गाड़ियों की खरीद	14,88
22––मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल की खरीद	24
32––अन्तरिम सहायता	2,80
33––अन्य व्यय	12
योग,	1,19,00

चिकित्सा विभाग

वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें (आयोजनेतर)

(हजार रुपयों में)

क्रम0-सं0	योजना का नाम	1987–88 में व्यय			योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1987–88 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय				
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	स्वास्थ्य मंत्री जी के दान कोष में गैर-क्षय रोगियों तथा क्षय रोगियों की चिकित्सा सहायता हेतु प्राविधान में वृद्धि	1,90	—	—	1,90	2210–चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य	33 न
2.	गैर-सरकारी आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों और औषधालयों को अनुदान	75	—	—	75	2210–चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य	33 न
3.	गैर सरकारी होम्योपैथिक चिकित्सालयों/चिकित्सकों को अनुदान	25	—	—	25	2210–चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य	34 न
4.	राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों के सम्बन्ध में निरीक्षण शुल्क का भुगतान	30	—	—	30	2210–चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य	34 न
5.	राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों एवं राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालयों के जुनियर डाक्टर/इन्टर्नस की परिलब्धियों में अन्तरिम वृद्धि	1,36,93	—	—	1,36,93	2210–चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य	34–35 न
	योग	1,40,13	—	—	1,40,13		

अनुदान संख्या–32

चिकित्सा विभाग –एलोपैथिक चिकित्सा

स्वास्थ्य मंत्री जी के दान कोष में गैर क्षय रोगियों तथा क्षय रोगियों की चिकित्सा सहायता हेतु प्राविधान में वृद्धि

अल्प आय वर्ग के एवं असहाय रोगियों को चिकित्सा सुविधा एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में व्यय को वहन करने के लिये एक दानकोष स्वास्थ्य मंत्री जी के निस्तारण पर रहता है। इस दानकोष से सामान्य रूप से स्वास्थ्य मंत्री जी द्वारा अपने विवेकानुसार छोटी-छोटी धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में रोगियों को स्वीकृत की जाती है। यह आर्थिक सहायता सामान्य रूप से 500 रुपये की सीमा तक होती है किन्तु कतिपय मामलों में अधिकतम 1000 रुपये तक स्वीकृत की जाती है। इस दान कोष हेतु चिकित्सा विभाग के बजट में वर्तमान में क्षय रोगियों के लिये 75,000 रुपये वार्षिक एवं अन्य रोगियों के लिये 85,000 रुपये वार्षिक की व्यवस्था रहती है। पिछले कुछ समय से यह अनुभव किया जा रहा है कि उपर्युक्त रोगियों हेतु दानकोष में की जा रही वार्षिक व्यवस्था नितान्त अपर्याप्त है, क्योंकि इधर दवाओं एवं पौष्टिक आहार आदि के मूल्यों में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। जनसंख्या में वृद्धि के साथ सहायता मांगने वाले रोगियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि क्षय एवं गैर क्षय रोगियों के निमित्त दानकोष से स्वीकृत की जाने वाली धनराशियों में यथेष्ठ वृद्धि की जाय। तदनुसार वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में गैर क्षय रोगियों और क्षय रोगियों के लिये क्रमशः 1,15,000 रु० एवं 75,000 रु० की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।

2––आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन––

(हजार रुपयों में)

2210––चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य–आयोजनेतर–

01–शहरी स्वास्थ्य सेवायें–एलोपैथी–

800–अन्य व्यय–

01–चिकित्सालयों एवं औषधालयों के अनुदान

0112–स्थानीय निकायों सहित अशासकीय संस्थाओं को सहायक अनुदान

14––सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 1,90

अनुदान संख्या––33

चिकित्सा विभाग (आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा)

गैर सरकारी आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों और औषधालयों को अनुदान–

प्रदेश में जो स्वैच्छिक संस्थायें अथवा व्यक्ति आयुर्वेदिक चिकित्सालयों अथवा औषधालयों में निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था करते हैं उनको पिछले तीन वर्षों की रोगियों की दैनिक औसत संख्या पर 10 रुपये प्रति रोगी प्रतिवर्ष की दर से अनुदान दिया जाता है। यह अनुदान की दर बहुत वर्षों पहले निर्धारित की गयी थी तब से दवाओं के मूल्यों में पर्याप्त वृद्धि हो चुकी है। अब कुछ रजिस्टर्ड संस्थाओं द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सालय भी खोले गये हैं जहां रोगियों को उपचार के लिये शैय्याओं की भी व्यवस्था है। ऐसे चिकित्सालयों के लिये उक्त अनुदान की धनराशि नगण्य होती है। अब यह प्रस्तावित है कि जो गैर रजिस्टर्ड संस्थायें और व्यक्ति आयुर्वेदिक चिकित्सालय अथवा औषधालय चलाते हैं और निःशुल्क चिकित्सा करते हैं उनको पिछले तीन वर्षों की रोगियों की दैनिक औसत संख्या पर 20 रु० प्रति रोगी प्रतिवर्ष की दर से अनुदान स्वीकृत किया जाय, किन्तु किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति को 500 रु० से कम तथा 2,000 रु० से अधिक न दिया जाय। इसी प्रकार जो रजिस्टर्ड संस्थायें आयुर्वेदिक चिकित्सालय चलाती हैं उन्हें उनके पिछले वर्ष के आय-व्ययक के विवरण में दर्शायी गयी घाटे की धनराशि का 50 प्रतिशत अनावर्तक अनुदान इस प्रतिबन्ध के साथ स्वीकृत कर दिया जाय कि ऐसी संस्थायें अपने आय-व्ययक का विवरण किसी चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से आडिट कराकर उसकी रिपोर्ट के साथ भेजें और अनुरक्षण अनुदान की धनराशि किसी एक संस्था को एक वर्ष में 5,000 रु० से अधिक न दी जाये। ऐसी संस्थाओं को उपकरणों, साज-सज्जा अथवा भवन निर्माण हेतु अलग से अनावर्तक अनुदान दिये जाने के प्रश्न पर विचार किया जा सकता है। उपरोक्त प्रस्ताव के अनुसार वर्ष 1987–88 में 75,000 रु० का अतिरिक्त व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार इस प्रयोजन हेतु आय-व्ययक में 75,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की औपचारिक स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त प्रदान की जायेगी।

3––आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन––

(हजार रुपयों में)

2210––चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य–आयोजनेतर –

02–शहरी स्वास्थ्य सेवायें–अन्य चिकित्सा पद्धतियां–

04–अन्य व्यय–गैर सरकारी संस्थाओं को सहायक अनुदान–आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों एवं औषधालयों को अनुदान

14–सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 75

अनुदान संख्या—34

चिकित्सा विभाग (होम्योपैथी चिकित्सा)

गैर सरकारी होम्योपैथिक चिकित्सालयों/चिकित्सकों को अनुदान

प्रदेश में जो स्वैच्छिक संस्थायें अथवा व्यक्ति होम्योपैथिक चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था करते हैं उनके पिछले तीन वर्षों की रोगियों की दैनिक औसत संख्या पर 5 रु0 प्रति रोगी प्रतिवर्ष की दर से अनुदान दिया जाता है। यह अनुदान की दर कई वर्ष पहले निर्धारित की गयी थी तब से दवाओं के मूल्यों में पर्याप्त वृद्धि हो चुकी है। अब कुछ रजिस्टर्ड संस्थाओं द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सालय भी खोले गये हैं जहां रोगियों को उपचार के लिये शैय्याओं की भी व्यवस्था है। ऐसे चिकित्सालयों के लिये उक्त अनुदान की धनराशि नगण्य होती है। अब यह प्रस्तावित है कि जो गैर रजिस्टर्ड संस्थायें और व्यक्ति होम्योपैथिक चिकित्सालय चलाते हैं और निःशुल्क चिकित्सा करते हैं उनको पिछले तीन वर्षों की रोगियों की दैनिक औसत संख्या पर 10 रु0 प्रति रोगी/प्रतिवर्ष की दर से अनुदान स्वीकृत किया जाय किन्तु किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति को 250 रु0 से कम तथा 1,000 रु0 से अधिक न दिया जाय। इसी प्रकार जो रजिस्टर्ड संस्थायें होम्योपैथिक चिकित्सालय चलाती हैं उन्हें उनके पिछले वर्ष के आय-व्यय के विवरण में दर्शायी गयी घाटे की धनराशि का 50 प्रतिशत अनावर्तक अनुदान इस प्रतिबन्ध के साथ स्वीकृत कर दिया जाय कि ऐसी संस्थायें अपने आय-व्ययक का विवरण किसी चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से आडिट कराकर उसकी रिपोर्ट के साथ भेजें और अनुरक्षण अनुदान की धनराशि किसी एक संस्था की एक वर्ष में 5,000 रु0 से अधिक न होगी। ऐसी संस्थाओं को उपकरणों, साज-सज्जा अथवा भवन-निर्माण हेतु अलग से अनावर्तक अनुदान दिये जाने के प्रश्न पर विचार किया जा सकता है। उपरोक्त प्रस्ताव के अनुसार वर्ष 1987–88 में 25,000 रु0 का अतिरिक्त व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्ययक में 25,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है। योजना की औपचारिक स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त प्रदान की जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2210–चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य–आयोजनेतर–
02–शहरी स्वास्थ्य सेवायें–अन्य चिकित्सापद्धतियां–
102–होम्योपैथी—अशासकीय होम्योपैथिक संस्थाओं को अनुदान
14–सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 25

राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों के सम्बन्ध में निरीक्षण शुल्क का भुगतान—

उत्तर प्रदेश में इस समय 10 राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज हैं जिनमें केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् नई दिल्ली द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा है। यह सभी मेडिकल कालेज, आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं तथा इनमें बी0एच0एम0एस0 की डिग्री प्रदान की जाती है। केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद, नई दिल्ली ने प्रत्येक मेडिकल कालेज के लिये प्रति वर्ष 3,000 रु0 निरीक्षण शुल्क मांगा है यह शुल्क प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक केन्द्रीय होम्योपैथिक परिषद् को दिया जाना आवश्यक है। परिषद् द्वारा प्रदेश के समस्त होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों के निरीक्षण का अभिप्राय यह होगा कि प्रदेश के राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों में परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई की जा रही है तथा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप प्रत्येक कालेज में कालेज के साज-सज्जा व परीक्षा आदि की व्यवस्था किस प्रकार की जा रही है। तदनुसार इस प्रकार के 10 राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों के लिये प्रति कालेज 3,000 रु0 प्रतिवर्ष की दर से कुल 30,000 रु0 की धनराशि की व्यवस्था चालू वित्तीय वर्ष के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2210-चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य-आयोजनेतर-
102-होम्योपैथी-
05–चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और अनुसंधान-होम्योपैथी मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय का निरीक्षण शुल्क 30

अनुदान संख्या—35

चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण)

राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों एवं राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालयों के जूनियर डाक्टर/इन्टर्न्स की परिलब्धियों में अन्तरिम वृद्धि—

राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों एवं राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालयों में कार्यरत जूनियर डाक्टरों एवं इन्टर्नस की मांगों पर विचारोपरान्त शासन ने यह निर्णय लिया है कि इन्टर्नस की कुल मासिक परिलब्धियां दिनांक–1 नवम्बर, 1986 से 31 दिसम्बर, 1986 के मध्य 750 रुपये एवं 1 जनवरी, 1987 से 1,000 रुपये की जायें। अन्य जूनियर डाक्टरों की कुल मासिक परिलब्धियों में 1 नवम्बर, 1986 से 400 रुपये प्रतिमाह की अन्तरिम वृद्धि इस प्रतिबन्ध के साथ स्वीकृति की जाय कि इस वृद्धि के फल-

स्वरूप चीफ रेजीडेन्ट डिमान्सट्रेटर एवं रजिस्ट्रार आदि के पदधारकों की कुल मासिक परिलब्धियां दिनांक 1 नवम्बर, 1986 की 1950 रुपये से अधिक न होगी। इस निर्णय के फलस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष के आयोजनेतर आय-व्ययक में 1,36,93,000 रु० का व्यय भार अनुमानित है जिसके लिये वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है। चूंकि इस योजना को लेखा अनुदान की अवधि में कार्यान्वित करना आवश्यक था। अत: राज्य आकस्मिकता निधि से 65,73,000 रुपये का अग्रिम आहरित करके योजना की स्वीकृति दे दी गई। आय-व्ययक पारित होने के बाद अग्रिम की प्रतिपूर्ति राज्य आकस्मिकता निधि में स्वत: हो जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2210–चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य–आयोजनेतर–
05–चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और अनुसंधान–
105–एलोपैथी–
01 शिक्षा–डाक्टरी पढ़ने वाले छात्रों को छात्र वेतन तथा छात्रवृत्तियां
15–छात्रवृत्तियां तथा छात्र वेतन 1,36,93

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B,Sri Aurobindo Marg,NewDelhi-110016
DOC. No.....
Date.....

नागरिक उड्डयन विभाग

वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें (आयोजनेतर)

क्र0 सं0	योजना का नाम	1987–88 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1987–88 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1—राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय के लेखा की आन्तरिक सम्परीक्षा हेतु सम्परीक्षकों के पदों का सृजन		34	..	..	34	2070—अन्य प्रशासनिक सेवायें	39न
2—राजकीय हेलीकाप्टर हेतु आई0 एफ0 आर0 सिस्टम का क्रय एवं अधिष्ठापन (इन्स्टालेशन)		43,64	..	..	43,64	तदैव	39न
	योग,	43,98	..	..	43,98		

अनुदान संख्या–38

नागरिक उड्डयन विभाग

राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय के लेखे की आन्तरिक सम्परीक्षा हेतु सम्परीक्षकों के पदों का सृजन

राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय उत्तर प्रदेश के अधीन विमानों आदि के पुर्जों के क्रय हेतु विदेशी फर्मों को भुगतान करने में एक विशिष्ट प्रक्रिया को अपनाना पड़ता है और भुगतान आदि त्वरित गति से करने पड़ते हैं। इन त्वरित गति से होने वाले भुगतानों में कोई त्रुटि न होने पाये, इस उद्देश्य से लेखाओं की सम्परीक्षा हेतु वरिष्ठ सम्परीक्षक तथा सम्परीक्षक का एक–एक पद सृजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इन पदों के सृजन पर वर्ष 1987–88 में 34,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार इस प्रयोजन हेतु आय व्ययक में 34,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2–– व्यय का विभाजन––

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग––

क्रम-सं0	पद	वेतन क्रम	पदों की संख्या
		रु0	
1––	वरिष्ठ सम्परीक्षक	625–1240	1
2––	सम्परीक्षक	570–1100	1

3––आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन––

(हजार रुपयों में)

2070–अन्य प्रशासनिक सेवायें–आयोजनेतर––		
114––परिवहन की खरीद और अनुरक्षण		
01––वेतन		14
02––महंगाई भत्ता		11
03––यात्रा व्यय		5
04––अन्य भत्ते		4
	योग	34

राजकीय हेलीकाप्टर हेतु आई0एफ0आर0 सिस्टम का क्रय एवं अधिष्ठापन (इंस्टालेशन)

राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय के हेलीकाप्टर को विशिष्ट व्यक्तियों की रात्रि उड़ान सुनिश्चित करने के लिये रात्रि उड़ान योग्य बनाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है, जिसके लिये मेसर्स हेली यूनियन फ्रांस से आई0 एफ0 आर0 सिस्टम क्रय करने तथा इंस्टालेशन कराये जाने का प्रस्ताव है। उक्त उपकरण स्थापित कराये जाने में 43,64,000 रु0 की धनराशि का व्यय होने का अनुमान है। अतः वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 43,64,000 रुपये धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2––आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन––

(हजार रुपयों में)

2070––अन्य प्रशासनिक सेवायें–आयोजनेतर–	
114–परिवहन की खरीद और अनुरक्षण–	
01–वायुयानों का क्रय–	
33–अन्य व्यय––	
राजकीय हेलीकाप्टर हेतु आई0 एफ0 आर0 सिस्टम का क्रय एवं इंस्टालेशन	43,64,

---

न्याय विभाग

वर्ष 1987-88 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें आयोजनेतर

क्र० सं०	योजना का नाम	1987-88 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1987-88 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1--	देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, नैनीताल एवं अल्मोड़ा के चीफ जुडीशियल मैजिस्ट्रेटों एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों के प्रयोगार्थ 5 पेट्रोल जीप गाड़ियों का क्रय	5,91	..	..	5,91	2014--न्याय प्रशासन	43 न
2--	तहसील मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों के वरिष्ठतम अधिकारियों को कार्यालय एवं आवासीय टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध कराया जाना	6,34	..	..	6,34	.. तदेव	44 न
3--	प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों/ तहसील मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों हेतु वाटर कूलर (जल शीतक) की व्यवस्था	5,94	..	..	5,94	.. तदेव	44 न
4--	प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों के नजारत व जिला जजियों के परिसर के बाहर के लिए एक-एक स्थित न्यायालयों आयरन सेफ की व्यवस्था	4,08	..	..	4,08	.. तदेव	44 न
5--	प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों के लिये स्टील आल्मारियों एवं विद्युत चालित डुप्लीकेटिंग मशीनों का क्रय	9,14	..	..	9,14	.. तदेव	45 न
6--	पारिवारिक न्यायालय अधिनियम, 1984 के अधीन जनपद अलीगढ़ तथा गोरखपुर में एक-एक पारिवारिक न्यायालय की स्थापना	5,50	..	..	5,50	.. तदेव	45-46 न
7--	जिला जजी बिजनौर के पीठासीन अधिकारियों के आवसिक भवनों का पुर्नविद्युतीकरण	25	..	..	25	2216--आवास	46 न
8--	जनपद लखनऊ, कानपुर, जालौन तथा बिजनौर के अधीनस्थ न्यायालय कक्षों का पुर्नविद्युतीकरण	..	5,97	..	..	4059--सरकारी 5,97 निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय	47 न
9--	महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के कार्यालय के लिये वाटर कूलर तथा एक फोटो कापिंग मशीन का क्रय	1,07	..	..	1,07	.. 2014--न्याय प्रशासन	47 न
10--	महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के कार्यालय में इन्टरकाम कनेक्शन की व्यवस्था	1,53	..	..	1,53	.. तदेव	47-48 न
11--	उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उसकी खण्डपीठ लखनऊ में माननीय न्यायधीशों के कक्षों में तथा उच्च न्यायालय के अनुभागों में इन्टर काम कनेक्शन की व्यवस्था	10,24	..	..	10,24	.. तदेव	48 न
12--	न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के लिए उपकरणों का क्रय	1,38	..	..	1,38	.. तदेव	48-49 न
13--	उच्च न्यायालय, इलाहाबाद और खण्डपीठ लखनऊ के लिये उपकरणों का क्रय	2,14	..	..	2,14	.. तदेव	49 न
14--	विधि कोष्ठक उत्तर प्रदेश भवन नई दिल्ली के लिये एक फोटो कापियर मशीन का क्रय	63	..	..	63	2052--सचिवालय सामान्य सेवायें	50 न
15--	इलाहाबाद उच्च न्यायालय को इनडिपेन्डेण्ट फीडर लाइन से जोड़ा जाना	21,72	..	..	21,72	2014--न्याय प्रशासन	50 न
	योग	75,87	5,97	..	81,84		

अनुदान संख्या–42

न्याय विभाग

देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, नैनीताल एवं अल्मोड़ा के चीफ जुडीशियल मजिस्ट्रेटों एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों के प्रयोगार्थ 5 पेट्रोल जीप गाड़ियों का क्रय

गढ़वाल तथा कुमायूं मंडल के पांच पर्वतीय जिलों देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, नैनीताल तथा अल्मोड़ा की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुये तथा वहां की वादकारी जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुये इन जिलों में नियुक्त चीफजुडिशियल मजिस्ट्रेटों तथा मुंसिफ मजिस्ट्रेटों को अपने अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत उन तहसील मुख्यालयों आदि स्थानों पर जहां उनके बैठने का स्थान घोषित होता है, वादों के निस्तारण हेतु जाना पड़ता है। पर्वतीय जिलों में यातायात के सुगम साधन उपलब्ध न होने के कारण एवं वहां के विकट मार्गों एवं दूरी को ध्यान में रखते हुये प्रस्तावित है कि इन पांचों पर्वतीय जिलों के चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेटों एवं मुंसिफ मजिस्ट्रेटों के उपयोगार्थ 4,85,000 रुपये की लागत पर 5 पट्रोल जीप गाड़ियों का क्रय कर लिया जाय, ताकि वे अन्तरांचल क्षेत्रों में जाकर वहीं पर वादों का निस्तारण कर सकें। इन पांच पेट्रोल जीप गाड़ियों के संचालन हेतु जीप चालकों के पांच अस्थायी पद भी सृजित किये जायेंगे। इन पेट्रोल जीप गाड़ियों के क्रय एवं जीप चालकों के पदों के सृजन आदि पर कुल 5,91,000 रुपये (4,85,900 रु0 अनावर्तक तथा 1,06,000 रु0 आवर्तक) का व्यय अनुमानित है। अतः वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 5,91,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2––व्यय का विभाजन––

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग––

क्रम सं0	पद	वेतन मान	पदों की संख्या
		रु0	
1	जीप चालक (ड्राइवर)	330–495	5

(ख) साज-सज्जा/भंडार/मशीन/गाड़ियों आदि के स्थूल ब्योरे––

	मद	धनराशि (1987–88)
		रुपये
(क)	भारत में क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण–– पांच पेट्रोल जीप गाड़ियां	4,85,000

3––आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन––

2014–न्याय प्रशासन–आयोजनेतर–

103–दंडन्यायालय–

01–नियमित अधिष्ठान––

(हजार रुपयों में)

01––	वेतन	20
03––	महंगाई भत्ता	18
04––	वाहन भत्ता	20
05––	अन्य भत्ते	5
08––	मोटर गाड़ियों का क्रय	4,85
09––	मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण तथा पेट्रोल की खरीद	38
32––	अन्तरिम सहायता	5
	योग ..	5,91

तहसील मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों के वरिष्ठतम अधिकारियों को कार्यालय एवं आवासीय टेलीफोनों की सुविधा उपलब्ध कराया जाना

तहसील मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों को जिला मुख्यालयों पर जिला जज आदि से सम्पर्क स्थापित करने में अत्यधिक कठिनाई होती है। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में विवाद उत्पन्न हो जाने पर शान्ति और व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। अतः तहसील मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों को संचार सुविधा उपलब्ध कराया जाना नितांत आवश्यक हो गया है। इस प्रकार प्रदेश के 52 तहसील मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों के वरिष्ठतम न्यायिक अधिकारियों के कार्यालय तथा आवास पर टेलीफोनों की स्वीकृति के लिये 6,34,000 रुपये की अनुमानित लागत पर व्यय किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 6,34,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2014—न्याय प्रशासन—आयोजनेतर—
105—सिविल और सत्र न्यायालय—
04—मुंसिफ—
07—टेलीफोन पर व्यय 6,34

प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों/तहसील मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों हेतु वाटर कूलर (जलशीतक) की व्यवस्था

प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों/तहसील मुख्यालय में ग्रीष्मकाल में ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण वादकारी जनता, अधिवक्ताओं, न्यायालय के कर्मचारियों/अधिकारियों को, अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है। जिला जजों के कार्यालयों में ग्रीष्मकाल में ठंडा पानी उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से विगत वित्तीय वर्ष 1985–86 में 150 वाटरकूलरों (जल-शीतकों) की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। अब जिला जजी टेहरी गढ़वाल के लिये 2 एवं तहसील मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों के लिये 34 अर्थात् कुल 36 वाटर कूलरों (जलशीतकों) का 5,94,000 रु0 की अनुमानित लागत पर क्रय किये जाने का प्रस्ताव है, अतएव इस प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 5,94,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2014—न्याय प्रशासन—
105—सिविल और सत्र न्यायालय—
01—जिला तथा सेशन न्यायाधीश
06—कार्यालय व्यय 5,94

प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों के नजारत और जिला जजियों के परिसर के बाह्य स्थित न्यायालयों के लिये एक-एक आयरन सेफ की व्यवस्था

प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों के नजारत व जिला जजियों के परिसर क बाहर स्थित न्यायालयों में बहुमूल्य वस्तुये, नकद धनराशि इत्यादि सुरक्षित रखने में अत्यन्त असुविधा होती है, अतएव उक्त प्रयोजन हेतु न्ययालयों के लिये 68 आयरन सेफ 6,000 रुपये प्रति सेफ की दर से 4,08,000 रुपये की अनुमानित लागत पर उपलब्ध कराय जाने का प्रस्ताव है। तद्नुसार इस प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 4,08,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2014—न्याय प्रशासन—आयोजनेतर—
105—सिविल और सत्र न्यायालय—
01—जिला तथा सेशन न्यायाधीश—
06—कार्यालय व्यय 4,08

प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों के लिये स्टील अलमारियों एवं विद्युत चालित डुप्लीकेटिंग क्रय मशीनों का

प्रदेश के दीवानी एवं फौजदारी न्यायालयों में लम्बित वादों के अभिलेखों एवं पत्रावलियों की सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से रखने में अत्याधिक असुविधा हो रही है, क्योंकि लम्बित पत्रावलियों की संख्या उपलब्ध अलमारियों से कहीं अधिक है। इन अभिलेखों एवं पत्रावलियों को सुरक्षित ढंग से रखने के लिये 7,44,000 रुपये की अनुमानित लागत पर 465 स्टील अलमारियों के क्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त जिला जजों द्वारा पारित आदेशों, शासनादेशों, उच्च न्यायालय के परिपत्रों, बैठकों आदि की कार्यवाही की प्रतिलिपियां शीघ्रता से तैयार करानी पड़ती है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये 1,70,000 रुपये की अनुमानित लागत पर 17 विद्युत चालित डुप्लीकेटिंग मशीनों के क्रय किय जाने का भी निर्णय लिया गया है। उक्त दोनों ही प्रयोजनों के लिये वित्तीय वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 9,14,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2––आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन––

(हजार रुपयों में)

2114–न्याय प्रशासन–आयोजनेतर–105–सिविल और सत्र न्यायालय–01–जिला तथा सेशन न्यायाधीश–06––कार्यालय व्यय 9,14

पारिवारिक न्यायालय अधिनियम 1984 के अधीन जनपद अलीगढ़ तथा गोरखपुर में एक-एक पारिवारिक न्यायालय की स्थापना

संसद द्वारा पारित पारिवारिक न्यायालय अधिनियम 1984 उत्तर प्रदेश में 2 अक्तूबर, 1986 से लागू कर दिया गया है। इसके अधीन शासन द्वारा प्रदेश के 16 जनपदों में पारिवारिक न्यायालय कई चरणों में स्थापित किये जा रहे ह। प्रथम चरण में कानपुर नगर और लखनऊ में एक-एक पारिवारिक न्यायालय स्थापित कर दिये गये हैं। द्वितीय चरण में अब आगामी वित्तीय वर्ष 1987–88 में जनपद अलीगढ़ तथा गोरखपुर में एक-एक पारिवारिक न्यायालय स्थापित करने का प्रस्ताव है तदनुसार इन दोनों ही जनपदों में एक–एक पारिवारिक न्यायालय की स्थापना के लिये वर्ष 1987–88 आय व्ययक में 5,50,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति तभी दी जायेगी जब कानपुर नगर तथा लखनऊ में स्थापित किये गये दो पारिवारिक न्यायालयों की प्रगति का मूल्यांकन करा लिया जायेगा।

2––व्यय का विभाजन––

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग––

क्रम सं0	पद	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु0	
1	जज	2,300–2,700	2
2	काउन्सलर (परामर्शदाता)	2,000 नियत मासिक वेतन	2
3	सदर मुंसरिम	625–1,360	2
4	आशुलेखक	570–1100	2
5	रीडर	470–735	2
6	वाद लिपिक (भरण–पोषण लिपिक)	430–685	2
7	निष्पादन लिपिक (संरक्षा दाता लिपिक)	430–685	2
8	लेखा लिपिक	430–685	2
9	टंकक प्रतिलिपिक	354–550	2
10	अर्दली	305–390	2
11	कार्यालय चपरासी	305–390	2
12	न्यायालय चपरासी	305–390	2
13	संदेश वाहक	305–390	4
14	चौकीदार	305–390	2
15	स्वीपर कम फर्रास	305–390	2

(ख) साज-सज्जा, मशीनें, भंडार आदि के स्थूल ब्योरे---

मद	संख्या	धनराशि
		रुपये
1---टाइपराइटर मशीनें- (अनावर्तक)	4	20,000
2---विधि पुस्तकें (5,000 प्रति न्यायालय)		10,000
3---उपस्कर (15,000. रुपये प्रति न्यायालय) (अनावर्तक)		30,000
(i)---लोहे की अलमारियां (अनावर्तक)	4	8,000
(ii) दरियां	4	1,000
(iii) साइकिलें	4	2,000
(iiii) दीवाल घड़ियां	4	1,000
4---प्रासंगिक व्यय (रुपये 1,000 प्रति न्यायालय)		2,000
योग		74,000

3---आय-व्ययक में सम्मिलित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:---

(हजार रुपयों में)

2014---न्याय प्रशासन---आयोजनेतर

105---सिविल और सत्र न्यायालय---

07---पारिवारिक न्यायालय -

01---वेतन	1,60
03---महंगाई भत्ता	1,28
04---यात्रा व्यय	18
05---अन्य भत्ते	10
06---कार्यालय व्यय	92
07---टेलीफोन पर व्यय	36
11---किराया, उपशुल्क और कर	72
32---अन्तरिम सहायता	24
33---अन्य व्यय	4
योग ..	5,50

जिला जजी बिजनौर के पीठासीन अधिकारियों के आवासिक भवनों का पुर्नविद्युतीकरण।

जिला जजी बिजनौर के पीठासीन अधिकारी के आवास भवन की विद्युत वायरिंग, काफी खराब हो गई है जिससे दुर्घटना होने की आशंका रहती है। अतः जिला बिजनौर के पीठासीन अधिकारी के आवास का 25,000 रु० की लागत पर पुर्नविद्युतीकरण कराये जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार इस प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 1987-88 के आय व्ययक में 25,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2---आय व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

(हजार रुपयों में)

2216---आवास---आयोजनेतर

01---सरकारी रिहायशी इमारतें (मतदेय)-

700---अन्य आवास---न्याय प्रशासन---जिला जजी बिजनौर के आवासिक भवनों का पुर्नविद्युतीकरण---

19---लघु निर्माण कार्य 25

जनपद लखनऊ कानपुर, जालौन तथा बिजनौर के अधीनस्थ न्यायालय कक्षों का पुनर्विद्युतीकरण

प्रदेश के कतिपय अधीनस्थ न्यायालयों के अनावासिक भवनों की विद्युत वायरिंग खराब हो गई है, जिससे दुर्घटना होने की आशंका रहती है। अतः 5,80,900 रुपये की कुल अनुमानित धनराशि पर लखनऊ, कानपुर, जालौन तथा बिजनौर जनपदों के अधीनस्थ न्यायालय कक्षों का पुनर्विद्युतीकरण कराये जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में उक्त प्रयोजन हेतु 5,97,000 रुपये की व्यवस्था कर दी गई है।

2––आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन––

"4059––सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय–आयोजनेतर–

60–अन्य इमारतें–न्याय प्रशासन–051–निर्माण–जनपद लखनऊ, कानपुर, जालौन तथा बिजनौर में न्याय प्रशासन के अधीनस्थ न्यायालय कक्षों का पुनर्विद्युतीकरण"––

(हजार रुपयों में)

10––लघु निर्माण कार्य 5,97

महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के कार्यालय के लिए एक जल शीतक (वाटर कूलर) तथा एक फोटो कापियर मशीन का क्रय

इलाहाबाद में स्थित महाधिवक्ता के कार्यालय में जल शीतक (वाटर कूलर) तथा फोटोकापियर मशीन न होने के कारण विगत कई वर्षों से असुविधा हो रही है। अतएव उक्त कार्यालय के लिये एक वाटर कूलर क्रय करने के लिये 17,000 रुपये तथा एक फोटो कापियर मशीन क्रय करने के लिये 90,000 रु० की धनराशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। तदनुसार इस प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 1,07,000 रुपये की व्यवस्था कर दी गई है।

2––व्यय का विभाजन:––

साज-सज्जा/भंडार/मशीनें, उपकरण आदि के स्थूल ब्योरे––

मद	संख्या	धनराशि
		रु०
भारत में क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण––		
1––वाटर कूलर	1	17,000
2––फोटो कापियर मशीन	1	90,000
योग		1,07,000

3––आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:––

(हजार रुपयों में)

"2014–न्याय प्रशासन–आयोजनेतर––

114–कानूनी सलाहकार और परिषदें :––

01– महाधिवक्ता––

06––कार्यालय व्यय 1,07

महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के कार्यालय में इन्टरकाम कनेक्शन की व्यवस्था

महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश का कार्यालय जिसमें राज्य विधि अधिकारी तथा शासकीय अधिवक्ता के कार्यालय भी सम्मिलित हैं, उच्च न्यायालय की बहुमंजिली इमारत के तीन मंजिलों के बीस कमरों तथा दो लकड़ी के केबिनों में स्थापित हैं। इतने बड़े स्टाफ के लिये उपरोक्त कार्यालयों में कुछ दो ही स्वतन्त्र टेलीफोन उपलब्ध हैं, जिसके फलस्वरूप शासकीय कार्य में एक मंजिल से दूसरी मंजिल पर जाकर सम्पर्क करने में अत्यधिक कठिनाई होती है। ऐसी स्थिति में यह प्रस्तावित है कि उक्त कार्यालयों में 31 लाइन लगा कर इन्टरकाम एक्सचेंज डायलिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी जाये। इस प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 1987–88 में कुल 1,53,000 रुपये की आवश्यकता होगी। तदनुसार वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 1,53,000 रु० की व्यवस्था कर दी गई है।

2—व्यय का विभाजन:—

साज सज्जा/भंडार/मशीनें उपकरण आदि के स्थूल ब्योरे—

मद	संख्या	धनराशि (हजार रुपयों में)
(क) भारत में क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण—		
1—इन्टरकाम (अपट्रान टाकमैन)	31 व्वाइंट	1,53

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:—

(हजार रुपयों में)

2014—न्याय प्रशासन—आयोजनेतर—
114—कानूनी सलाहकार और परिषद—
01—महाधिवक्ता—
06—कार्यालय व्यय 1,53

उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उसकी खण्डपीठ लखनऊ में माननीय न्यायाधीशों के कक्षों में तथा उच्च-न्यायालय के अनुभागों में इन्टरकाम कनेक्शन की व्यवस्था

उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा उसके खण्डपीठ लखनऊ में माननीय न्यायाधीशों के कक्षों तथा उच्च न्यायालय के अनुभागों में इन्टरकाम की व्यवस्था उपलब्ध न होने के कारण माननीय न्यायाधीशों को अपने कक्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों से सम्पर्क करने एवं उन्हें निदेश देने अथवा अभिलेख प्राप्त करने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है और गोपनीय आदेश आदि के विदित हो जाने का भय भी निरन्तर बना रहता है। अतएव इन कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से प्रश्नगत स्थानों पर इन्टरकाम कनेक्शन लगाने का प्रस्ताव है। इस व्यवस्था पर कुल 10,24,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार इस प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 10,24,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—व्यय का विभाजन—

साज/सज्जा/भण्डार/मशीनें, उपकरण आदि के स्थूल ब्योरे—

मद	संख्या	धनराशि
		रु0
(क) भारत में क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण:—		
अपट्रान-टाकमैन-उच्च न्यायालय, इलाहाबाद	एक सेट–11/120 (लाइन्स एक्सटेन्शन) ..	6,84,000
अपट्रान टेलीकाम-उच्च न्यायालय, खण्डपीठ लखनऊ	एकसेट–11/48 (48 टेलीफोन इन्स्ट्रूमेन्ट्स) ..	3,40,000
	योग ..	10,24,000

3—आय-व्ययक में सम्मिलित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:—

(हजार रुपयों में)

2014—न्याय प्रशासन—आयोजनेतर—
102—उच्च न्यायालय—
01—उच्च न्यायालय—
06—कार्यालय व्यय– (भारित) *10,24*

न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के लिये उपकरणों का क्रय

न्यायिक अधिकारियों, विधि अधिकारियों तथा शासकीय अधिवक्ताओं तथा लोक अभियोजकों के प्रशिक्षण तथा न्याय प्रशासन और विधि के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य हेतु स्थापित किये गये न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के लिये निम्नलिखित उपकरणों को उनके सामने अंकित लागत से क्रय करने का प्रस्ताव है:—

		रु0
1—वाटर कूलर	4	52,000
2—रेफ्रीजरेटर	2	24,000
3—जनरेटर	1	30,000
4—इन्टरकाम कनेक्शन	12 ..	32,000

उक्त उपकरणों के लिये आगामी वित्तीय वर्ष में 1,38,000 रुपये की आवश्यकता होगी। तदनुसार वर्ष 1987-88 के आय, ग्यक में 1,38,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--व्यय का विभाजन:--

साज-सज्जा/भण्डार/मशीनें, उपकरण आदि के स्थूल ब्योरे--

मद					संख्या	धनराशि
(क) भारत में खरीदी जाने वाली सामग्री का विवरण--						
1--जल शीतक (वाटर कूलर)	..	..	..	..	4	52,000
2--रेफ्रीजरेटर	..	..	..	..	2	24,000
3--जनरेटर	..	..	..	..	1	30,000
4--इन्टरकाम कनेक्शन					12	32,000
					योग ..	1,38,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

(हजार रुपयों में)

2014--न्याय प्रशासन--आयोजनेतर--

800--अन्य व्यय--

01--न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान--

06--कार्यालय व्यय 1,38

उच्च न्यायालय इलाहाबाद और खण्डपीठ लखनऊ के लिये उपकरणों का क्रय

न्याय तथा विधान सम्बन्धी स्थायी समिति की बैठक दिनांक 3 मई, 1986 में की गयी संस्तुतियों को दृष्टि में रखते हुए माननीय उच्च न्यायालय के प्रयोग हेतु निम्नलिखित इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर का क्रय करने तथा दो कोर्ट रूम व चार चेम्बर्स में एअर कन्डीशनर्स (विन्डोटाइप) लगाये जाने का प्रस्ताव है:--

				रु0
1--द्विभाषीय इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर (हिन्दी अंग्रेजी)--2		..	..	68,000
2--इलेक्ट्रानिक अंग्रेजी टाइपराइटर--2	..	..	..	36,000
3--एअर कन्डीशनर्स (विन्डोटाइप)--4	..	..	..	1,10,000

उक्त इलेक्ट्रानिक टाइपराइटरों व एअर कन्डीशनरों के क्रय के लिये वित्तीय वर्ष 1987-88 में 2,14,000 रुपये की आवश्यकता है। तदनुसार वर्ष 1987-88 के आय-व्ययक में 2,14,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है:--

2--व्यय का विभाजन--

ख--साज-सज्जा/भण्डार/मशीनें, उपकरण आदि के स्थूल ब्योरे--

मद			संख्या		धनराशि
(क) भारत में क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण--					रु0
1--द्विभाषीय इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर	..	..	2	..	68,000
2--इलेक्ट्रानिक अंग्रेजी टाइपराइटर	..	..	2	..	36,000
3--एअर कन्डीशनर्स (विन्डोटाइप)--	..	..	4	..	1,10,000
				योग ..	2,14,000

3--आय-व्ययक में सम्मिलित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2014--न्याय प्रशासन--आयोजनेतर--

102--उच्च न्यायालय--

01--उच्च न्यायालय--

06--कार्यालय व्यय (भारित) 2,14

विधि कोष्ठक उत्तर प्रदेश भवन नई दिल्ली के लिये एक फोटो कापियर मशीन का क्रय

शासन के न्याय विभाग के नियंत्रणाधीन उच्चतम न्यायालय, विधि कोष्ठक, उत्तर प्रदेश भवन, नई दिल्ली में कार्यालय के प्रयोग हेतु उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय, रिट याचिका तथा विशेष अनुज्ञा याचिका की प्रति, शपथ पत्र, केन्द्रीय बिल, विधेयक, अध्यादेश, नियमों, विज्ञप्तियों तथा अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की प्रतिलिपियां अविलम्ब तैयार कराने के उद्देश्य से एक फोटोकापियर मशीन क्रय करने का प्रस्ताव है। उक्त फोटो कापियर मशीन के क्रय के लिये आगामी वित्तीय वर्ष 1987–88 में 63;000 रुपये की आवश्यकता होगी। तदनुसार वर्ष 1987–88 के आय–व्ययक में 63,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2––व्यय का विभाजन––

ख––साज-सज्जा/भण्डार/मशीनें, उपकरण आदि के स्थूल ब्योरे––

मद	संख्या	धनराशि
(क) भारत में क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण––		रु०
फोटो कापियर मशीन का क्रय	1	63,000

3––आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन–– (हजार रुपयों में)

"2052––सचिवालय सामान्य सेवायें–आयोजनेतर––

091––सम्बद्ध कार्यालय––

01––विधि कोष्ठक नई दिल्ली पर होने वाला व्यय–– .. 63

06––कार्यालय व्यय––

इलाहाबाद उच्च न्यायालय को इनडिपेन्डेन्ट फीडर लाइन से जोड़ा जाना

उच्च न्यायालय इलाहाबाद में बिजली की निरन्तर आपूर्ति न होने के कारण बहुधा न्यायालय कक्षों तथा कार्यालय कक्षों में अन्धकार छा जाता है जिससे कार्य संचालन में अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस कठिनाई को दूर करने के लिये तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विद्युत की नियमित आपूर्ति बनाये रखने के उद्देश्य से इलाहाबाद उच्च न्यायालय को इंडीपेन्डेन्ट फीडर लाइन से जोड़ने का प्रस्ताव है, जिस पर 21,72,000 रुपये का व्यय निहित है। तदनुसार उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को इंडीपेन्डेंट फीडर लाइन से जोड़ने के लिये 21,72,000 रु० की व्यवस्था वित्तीय वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2––व्यय का विभाजन––

साज-सज्जा/मशीन/भण्डार, उपकरण आदि के स्थूल ब्योरे––

मद	संख्या	धनराशि (रुपयों में)
(क) भारत में क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण––		
इलाहाबाद, उच्च न्यायालय को इन्डीपेन्डेन्ट फीडर लाइन से जोड़ा जाना		21,72,000

3––आय-व्ययक में सम्मिलित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन––

(हजार रुपयों में)

2014––न्याय प्रशासन–आयोजनेतर––

102––उच्च न्यायालय––

01––उच्च न्यायालय––

18––मुख्य निर्माण कार्य (भारित) 21,72

प्राविधिक शिक्षा विभाग

वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदों (आयोजनेतर)

क्र0-सं0	योजना का नाम	1987–88 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1987–88 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1—	राजकीय एवं सहायता प्राप्त पालिटेक्निकों के अनुरक्षण व्यय में वृद्धि	64,00	..	..	64,00	2203–तकनीकी शिक्षा	53 न
2—	प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय भवनों के भूतल में नई वायरिंग की व्यवस्था	..	1,36	..	1,36	4202–शिक्षा खेल, कला व संस्कृति पर पूंजी परिव्यय	53 न
	योग,	64,00	1,36	..	65,36		

अनुदान संख्या--46

प्राविधिक शिक्षा विभाग

राजकोय एव सहायता प्राप्त पालीटेकनिक में अनुरक्षण व्यय में वृद्धि

प्रदेश में स्थित सभी राजकीय एवं सहायता प्राप्त पालीटेकनिकों में अनुरक्षण व्यय 165 रु0 प्रति छात्र प्रति वर्ष की दर से दी जा रही है। यह दर लगभग 15 वर्ष पुरानी है और मूल्यों में निरन्तर वृद्धि को देखते हुए, बहुत ही कम है। मार्च 1983 में सभी राज्यों एवं यूनियन टेरीटेरीज के प्राविधिक शिक्षा विभाग के सचिवों की नई दिल्ली में हुई बैठक में यह अनुभव किया गया कि उपरोक्त ग्रांट को बढ़ाकर 500 रु0 की धनराशि प्रति छात्र प्रति वर्ष कर दी जाय क्योंकि पूर्व में स्वीकृत दर 165 रु0 से छात्रों को समुचित प्रशिक्षण व्यवस्था किया जाना संभव नहीं है। प्रशिक्षण हेतु उपयोग में आने वाली सामग्री--बिजली, पानी, केमिकल, गैस, कच्चा माल, माडेल में लगने वाले समान, कोयला, स्टेशनरी एवं प्रिंटिग पोस्टेज एंड टेलीग्राम आदि की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि हो गयी है। अतएव यह प्रस्तावित है कि प्रशिक्षण के हित में अनुरक्षण व्यय की दर 165 रु0 से बढ़ाकर 500 रु0 कर दी जाय। इस पर वर्ष 1987-88 में 64,00,000 रु0 के व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1987-88 के आय-व्ययक में 64,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकवार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2203- तकनीकी शिक्षा--आयोजनेतर--		
105- पालीटेकनिक--		
01--सामान्य पालीटेकनिक		
--23--अनुरक्षण		
2203--तकनीकी शिक्षा-आयोजनेतर	.. ..	40,35
104--गैर सरकारी तकनीकी कालेजों और संस्थाओं को सहायता-		
अनुदानित बहुधन्धी संस्थाओं के छात्रों के अनुरक्षण व्यय में वृद्धि--		
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	.. ..	23,65
योग ..		64,00

अनुदान संख्या--74

प्राविधिक शिक्षा विभाग

प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय भवनों के भूतल में नई वायरिंग की व्यवस्था

प्राविधिक शिक्षा परिषद् के मुख्य भवन तथा एक अन्य भवन के भूतल की विद्युत वायरिंग काफी पुरानी हो गयी है अतः पुरानी विद्युत वायरिंग को नये सिरे से निर्धारित दरों पर 1,36,200 रु0 की लागत से कराये जाने का प्रस्ताव है। इस कार्य हेतु आय-व्ययक वर्ष 1987-88 में 1,36,200 रु0 की आवश्यकता होगी। तदनुसार आय-व्ययक में 1,36,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

4202--शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय--आयोजनेतर--	
02--तकनीकी शिक्षा--800--अन्य व्यय--	
01--भवन निर्माण--तकनीकी शिक्षा भवन--	
प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय भवनों के भूतल में नये सिरे से वायरिंग,	1,36,

राज्य सम्पत्ति विभाग

वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें (आयोजनेतर)

क्र० सं०	योजना का नाम	1987–88 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1987–88 के आय-व्ययक में प्राविधान साम्मलित किया गया है।	टिप्पणी निर्देश का पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1—उत्तर प्रदेश निवास एवं उत्तर प्रदेश भवन नई दिल्ली में स्थापित वर्तमान टेलीफोन एक्सचेंज के स्थान पर इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज की स्थापना	14,24	..	..	14,24	2052—सचिवालय सामान्य सेवायें।	57 न
2—राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन विभिन्न इकाईयों में अतिरिक्त पदों की व्यवस्था।	20,00	..	..	20,00	तदैव	
						57, 58 न
योग	34,24			34,24		

अनुदान संख्या–82

सचिवालय प्रशासन विभाग

उत्तर प्रदेश निवास एवं उत्तर प्रदेश भवन, नई दिल्ली में स्थापित वर्तमान टेलीफोन एक्सचेंज के स्थान पर इलेक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना

उत्तर प्रदेश निवास तथा उत्तर प्रदेश भवन, नई दिल्ली में इस समय मैनुअल टेलीफोन एक्सचेंज होने के कारण आने वाले अतिथियों (मंत्रिपरिषद के सदस्य, माननीय विधान मण्डल के सदस्य एवं प्रदेश सरकार के अधिकारीगण आदि) को टेलीफोन के सही ढंग से काम न करने के कारण कठिनाई उत्पन्न होती है। वर्तमान टेलीफोन एक्सचेंज के सही काम न करने का मुख्य कारण वर्तमान केबिल्स का कमजोर होना है। इलेक्ट्रानिक टेलीफोन ऐक्सचेंज लगाये जाने से केवल एक टेलीफोन यंत्र से भी प्रत्येक कमरे में सभी कार्य जैसे इन्टरकाम, एक्सचेंज लाइन, एस0 टी0 डी0 आदि हो सकेंगे तथा टेलीफोन मिलने में कम समय लगेगा एवं व्यय में कमी आयेगी। टेलीफोन आपरेटर के पद यदि सरपल्स पाये जायेंगे तो उन्हें अन्यत्र खपाये जाने के बारे में यथासमय विचार कर लिया जायेगा। अतः यह प्रस्ताव है कि उत्तर प्रदेश निवास तथा उत्तर प्रदेश भवन, नई दिल्ली में वर्तमान मैनुअल टेलीफोन एक्सचेंज के स्थान पर इलेक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज की व्यवस्था की जाय। उत्तर प्रदेश निवास में 48 लाईन तथा उत्तर प्रदेश भवन में 96 लाईन के इलेक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना पर विभिन्न मदों में क्रमशः 5,85,000 रु0 एवं 8,39,000 रु0 अर्थात कुल 14,24,000 रु0 का अनावर्तक व्यय चालू वित्तीय वर्ष 1987–88 में निहित है। इसके अतिरिक्त एक वर्ष व्यतीत होने पर इन दोनों इलेक्ट्रोनिक एक्सचेंज के रख-रखाव पर 85,000 रु0 का आवर्तक व्यय होने की सम्भावना है। जिसके लिये अभी से व्यवस्था किये जाने की आवयश्यकता नहीं है। तदनुसार चालू वित्तीय वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में 14,24,000 रु0 की धनराशि सम्मिलित कर ली गयी है। वर्तमान टेलीफोन एक्सचेंज में लगे हुए टेलीफोन आपरेटरों को खपाये जाने तथा उत्तर प्रदेश भवन एवं उत्तर प्रदेश निवास में लगे हुए मैनुअल टेलीफोन एक्सचेंज को डाक-तार विभाग को वापस करने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही बाद में की जायेगी। योजना की स्वीकृति वित्त विभाग में परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक मे व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2052—सचिवालय—सामान्य सेवायें—आयोजनेतर—

090—सचिवालय—

01—सचिवालय मुख्य—

07—टेलीफोन पर व्यय 14,24

राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन विभिन्न इकाइयों में अतिरिक्त पदों की व्यवस्था

राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश भवन/निवास, अतिथि गृह कलकत्ता/नैनीताल क्लब एवं विभिन्न विधायक निवासों में कार्य को सुचारु रूप से चलाये जाने हेतु अतिरिक्त पदों की नितान्त आवश्यकता है। अतिरिक्त पदों के अभाव में उक्त इकाइयों में कार्य में प्रायः व्यवधान उत्पन्न होता है और माननीय विधायकों को एवं अन्य गणमान्य लोगों को कठिनाइयां उठानी पड़ती हैं। समस्या के सांगोपांग विवेचनोपरान्त यह प्रस्ताबित है कि राज्य सम्पत्ति विभाग में निम्नलिखित राजपत्रित एवं अराजपत्रित अतिरिक्त पद सृजित किये जायं। अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन एवं भत्ते आदि पर इस निमित्त होने वाले व्यय के लिये वित्तीय वर्ष 1987–88 में आय-व्ययक में प्राविधान उपलब्ध नहीं है। वर्ष 1987 88 में उक्त व्यय हेतु अनुमानतः 20,00,000 रुपये की आवश्यकता है। तदनुसार 1987–88 के आय-व्ययक में 20,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—व्यय का विभाजन—

अपेक्षित कर्मचारि वर्ग—

क्रमांक	पद	वेतन-क्रम	पद की संख्या
		रु0	
1	उपसचिव	1540-2200	1
2	प्रवर वर्ग सहायक	570-1100	1
3	अवर वर्ग सहायक	470-735	2
4	स्टोर कीपर	354-550	6
5	काउन्टर क्लर्क	354 550	12
6	टेलीफोन आपरेटर	354-550	4
7	फ्लोर सुपरवाइजर	400 615	2

8	स्वागतकर्त्ता	400-615	1
9	टेलीफोन मानीटर	400-615	1
10	वरिष्ठ सहायक	430-685	1
11	कनिष्ठ सहायक	354-550	2
12	व्यवस्थापक	470-735	3
13	व्यवस्थापक अधिकारी	625-1240	1
14	चालक (ड्राइवर)	330-495	6
15	रसोइया (कुक)	315-440	6
16	संदेश वाहक (मैसेन्जर)	315-440	1
17	तन्दूरमैन	305-390	2
18	चौकीदार	305-390	6
19	मसालची	305-390	21
20	बियरर	305-390	32
21	फर्राश	305-390	38
22	सफाई कर्मचारी (स्वीपर)	305-390	24
23	चपरासी	305-390	5
24	माली	305-390	2

3 आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन -- (हजार रुपयों में)

2052 --सचिवालय सामान्य सेवायें आयोजनेतर

090 -सचिवालय -

01 सचिवालय-मुख्य --

01 --वेतन		9,85
03 --महंगाई भत्ता		7,15
05 --अन्य भत्ते		1,3
32 --अन्तरिम सहायता		1,65
योग ..		20,00

राजस्व विभाग

वर्ष 1987–88 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें – (आयोजनेतर)

क्र० सं०	योजना का नाम	1987–88 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1987–88 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय				
			पूंजीगत	ऋण	योग		
1	2	3	4	5	6	7	8
1–	अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के लिये डीजल जीपों का क्रय तथा चालकों के पदों का सृजन	43,00	..	..	43,00	2053 जिला प्रशासन	61 न
2–	प्रदेश की तहसीलों में पुराने फर्नीचर के स्थान पर नये फर्नीचर की व्यवस्था	10,00	..	..	10,00	2053 जिला प्रशासन	61 न
3–	लेखपाल स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अप्रशिक्षित लेखपालों के लिये छात्रवृत्ति की व्यवस्था	12,00	..	..	12,00	2029 भू राजस्व	62 न
	योग	65,00	..	..	65,00		

अनुदान संख्या—49

राजस्व विभाग (जिला प्रशासन)

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के लिये 31 डीजल जीपों का क्रय तथा उनके लिये चालकों के पदों का सृजन

प्रदेश के समस्त 46 अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को वाहन की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्णय के अधीन के प्रभावकारी बनाने के लिये प्रशासनिक कार्य के सम्पादन में गतिशीलता एवं तत्परता लाने तथा उक्त पदों वित्तीय वर्ष 1986–87 में राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम लेकर के 15 डीजल जीपें क्रय करके इन अधिकारियों के शासकीय प्रयोगार्थ उपलब्ध कराई जा चुकी है। अब शेष 31 अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के प्रयोगार्थ वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 31 डीजल जीपों (फोर व्हील ड्राइव) के क्रय तथा उनके लिये चालकों के 31 पद वेतनमान 330–495 रु0 में सृजित किये जाने की आवश्यकता है। इन जीपों के डीजल आयल व्यय के लिये भी धनराशि की व्यवस्था करनी पड़ेगी। इन सब पर वित्तीय वर्ष 1987–88 में 43,00,000 रु0 (7,35,000 रु0 आवर्तक तथा 35,65,000 रु0 अनावर्तक) व्यय के का अनुमान है। तदनुसार 1987–88 के आय व्ययक में 43,00,000 रु0 की धनराशि सम्मिलित कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2053—जिला प्रशासन–अयोजनेतर–
093–जिला स्थापना
01—कलेक्टरी स्थापना—

01—वेतन	.. ..	2,70
03—महंगाई भत्ता	.. ..	2,64
08—मोटर गाड़ियों का क्रय	.. ..	35,65
09—गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	.. .. ..	1,55
32—अन्तरिम सहायता	.. ..	46
	योग ..	43,00

प्रदेश की तहसीलों के पुराने उपस्कर (फर्नीचर) के स्थान पर नये उपस्कर (फर्नीचर) की व्यवस्था

